NT>

Title: Need to take steps to check decreasing ground water level in Hingoli Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री शिवाजी माने (हिंगोली) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र हिंगोली में भू-जल स्तर नीचे चला गया है जिसके कारण लोग पीने के पानी को तरस रहे हैं। यहां के पानी का जलस्तर लगातार गिरता जा रहा है जिसके कारण किसानों को खेतों की सिंचाई तथा महिलां को कपड़े धोने में अत्यन्त कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अगर भूमि के जल स्तर को नीचे जाने से नहीं रोका गया, तो मेरे संसदीय क्षेत्र में गम्भीर समस्या हो जाने की संभावना है जिसका उपचार अभी से करना होगा। यहां पर जो टैंक हैं वे खराब पड़े हैं उनको डी-सिल्ट किया जाना अति आवश्यक है।

मैं सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र हिंगोली में भू-जलस्तर को नीचे जाने से रोकने हेतु कारगर कदम उठाए जाएं।